RNI NO. - CHHHIN/2011/38292

13 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

अब 14 वें वर्ष की ओर

पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह

Bharatsamman.com Bharat samman Bharat Samman

हो जाओ सावधान



वर्ष-14 अंक-15 | अम्बिकापुर, मंगलवार, 23 अप्रैल 2024 | कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.

# लालू यादव के पास पटना में 486 करोड़ रुपये की जमीन!

## चुनाव के बीच बिहार के एमएलसी का बड़ा दावा



**पटना।** प्रदेश जदयू के मुख्य प्रवक्ता एवं विधान पार्षद नीरज कुमार ने कहा है कि राजनीति में परिवारवाद महापाप है। राजद नेता तेजस्वी यादव अपनी परिवारवादी राजनीति को संरक्षण देने के लिए महापुरुषों का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने राजनीति को अपने परिवार के पोषण या संपत्ति सृजन का माध्यम नहीं बनाया।

### लालू प्रसाद राजनीति के जमींदार हैं

नीरज कुमार ने कहा कि राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद राजनीति के नए जमींदार हैं। इस परिवार के छह सदस्य सक्रिय राजनीति में हैं। परिवार के अलावा नजदीक और दूर के रिश्तेदार भी सांसद-विधायक रहे हैं। परिवारवाद केवल राजनीतिक सक्रियता तक ही सीमित नहीं है।

### लालू परिवार के पास पटना में 486 की जमीन

उन्होंने कहा कि इस परिवार के लिए राजनीति अवैध संपत्ति के सृजन का भी माध्यम है। इस परिवार के पास पटना में 486 करोड़ रुपये की जमीन है। उन्होंने तेजस्वी यादव को पानी में पुदीना डालकर पीने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अति पिछड़ा समुदाय की बीमा भारती को तो राजद ने पूर्णिया से उम्मीदवार बना दिया, लेकिन जन समर्थन जदयू उम्मीदवार संतोष कुशवाहा के साथ है। संतोष कुशवाहा की जीत 2014 और 2019 से लगातार हो रही है। वे इस चुनाव में भी जीत हासिल करेंगे। पूरे राज्य में राजद मुख्य मुकाबले से बाहर है।

## सलमान खान के बाद अब जितेंद्र आव्हाड को मिली लॉरेंस बिश्नोई गैंग से धमकी



**ठाणे ।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बाद अब लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक और इंडिया गठबंधन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. जितेंद्र आव्हाड को जान से मारने की धमकी दी है। आव्हाड ने खुद मीडिया को इस बारे में जानकारी दी है कि उनके मोबाइल फोन पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है और यह धमकी किसी और ने नहीं, बल्कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से दी गई है। उन्होंने कहा, हालांकि, मैं इन धमकियों से डरने वाला नहीं हूं। मुझे इससे पहले भी कई धमकियां मिल चुकी हैं। मैंने जीवन में बहुत कुछ देखा है, तो इन सब चीजों से मुझे कुछ खास फर्क नहीं पड़ता। इससे पहले लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग की गई थी, जिसके बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री खुद अभिनेता के घर पहुंचे थे और उन्हें हर मुमकिन सुरक्षा प्रदान करने का आश्वासन दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा था कि आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। इसके बाद पुलिस ने मामले में उन दो युवकों को भी गिरफ्तार किया, जिन्होंने सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग की थी। दोनों युवकों की पहचान विक्की गुप्ता और योगेंद्र पाल के रूप में हुई थी। हालांकि, इनके परिजन इस मामले में दोनों युवकों के शामिल होने की बात को सिरे से खारिज कर रहे हैं। उधर, बीते दिनों पुलिस ने अभिनेता को भी इस मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि उनकी किसी से भी रंजिश नहीं है, तो ऐसे में किसी पर आरोप लगाना उचित नहीं रहेगा। वहीं, जिस लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सलमान को जान से मारने की धमकी दी थी, उसी गैंग ने अब डॉ. जितेंद्र आव्हाड को भी मारने की धमकी दी है। जिसके बाद मामला काफी पेचीदा हो गया है।

## कांग्रेस ने चुनाव आयोग में दर्ज करवाई पीएम मोदी के बयान के खिलाफ शिकायत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संपत्ति बांट देने वाले बयान के खिलाफ सोमवार को कांग्रेस ने चुनाव आयोग के सामने अपनी शिकायत दर्ज कराई है। इसकी जानकारी कांग्रेस ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी है। इसके साथ ही एक्स पर कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी का वीडियो भी शेयर किया गया है, जिसमें वह चुनाव आयोग से शिकायत के बाद मीडिया से बात कर रहे हैं।

कांग्रेस नेता सिंघवी ने बताया कि हम चुनाव आयोग का धन्यवाद करते हैं, उन्होंने कम समय में हमारी शिकायत को सुना। आशा है कि वह इस पर ठोस कदम उठाएंगे। हमने चुनाव आयोग में 17 शिकायतें दर्ज की हैं। लेकिन तीन



से चार के बारे में बताऊंगा। मैं पीएम मोदी का आदर करता हूं क्योंकि वो मुखर और प्रखर वक्ता हैं। पीएम मोदी ने राजस्थान में चुनाव प्रचार के दौरान भद्दा बयान दिया। इसमें एक समुदाय, एक धर्म का स्पष्ट नाम के साथ विवरण है। बयान में समुदाय या धर्म को घुसपैठियों के साथ बराबर में जोड़ा गया है। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने आगे कहा, पीएम मोदी ने अपने बयान में मंगल सूत्र का भी जिक्र किया। उन्होंने भारत के संविधान की अस्मिता पर आघात किया है। भारतीय संविधान एक गौरवशाली संविधान है। संविधान कहता है कि धर्मनिरपेक्षता, पंथनिरपेक्षता का हमारे संविधान के मूल ढांचे का अभिन्न अंग है। अब चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि इस पर कार्रवाई करे, इसमें देश की विश्वसनीयता से जुड़ा हुआ सवाल है, हमारे संविधान की विश्वसनीयता का सवाल है, हमारे प्रधानमंत्री पद की और चुनाव आयोग की विश्वसनीयता का सवाल है। कांग्रेस ने एक्स हैंडल पर लिखा कि हमने चुनाव आयोग में 17 शिकायतें दर्ज की हैं,

## रामलला का दर्शन कर निहाल हुए 30 देशों के रामभक्त

### राम दरबार में 90 विदेशी रामभक्तों ने हनुमान चालीसा पढ़ने के साथ किया रामलला का दर्शन

### प्रवासी भारतीयों की 400 श्रद्धालुओं की टोली ने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए

**अयोध्या।** श्रीरामलला का दर्शन करने सोमवार को 30 देशों से 90 विदेशी श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं का नेतृत्व वैश्विक भारत के ब्रांड अंबेस्डर व दिल्ली स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष व पूर्व विधायक डॉ. विजय जौली ने किया। सभी श्रद्धालुओं का स्वागत रामनामी अंगवस्त्र देकर व माथे पर चंदन का तिलक लगाकर किया गया। इससे पहले बीती शाम सभी श्रद्धालु सरयू घाट पर आरती में भी शामिल हुए। इस टोली ने हनुमान गढ़ी मंदिर पहुंचकर राम भक्त बजरंगबली का आशीर्वाद भी लिया। वहीं सोमवार को सभी ने श्रीराम मंदिर में बैठकर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। इस दौरान प्रवासी भारतीयों की 400 श्रद्धालुओं की टोली ने भी रामलला के दर्शन किये। अयोध्या पहुंचने वालों में प्रमुख रूप से भूटान के राजदूत मेजर जनरल वेत्सोप नामग्याल, काउंसलर दोरजिक किंजांग, चीन गणराज्य (ताइवान) प्रतिनिधि कुमारी त्साई जेन चुन, भारत में रोमानिया महावाणिज्य दूत विजय मेहता



व टुवालू महावाणिज्य दूत डॉ. दीपक जैन और निर्वासित तिब्बत संसद के स्पीकर खेंपो सोनम तेनफेल उपस्थित रहे। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे।

दर्शन करने वाले प्रवासी भारतीयों में ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, भूटान, कनाडा, कोलंबिया, कंबोडिया, जॉर्जिया, गुयाना, केन्या, कजाकिस्तान, मलेशिया, मोजाम्बिक, मकाऊ, नाइजीरिया, नेपाल, नॉर्वे, रोमानिया, रवांडा, स्पेन, सिंगापुर, सिंट मार्टेन, चीन गणराज्य (ताइवान), ताजिकिस्तान, त्रिनिदाद एण्ड टोबैगो, तुवालु, तिब्बत, युगांडा, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त अरब अमीरात, उज्बेकिस्तान, संयुक्त राज्य अमेरिका इत्यादि देशों के प्रतिनिधि शामिल रहे। सभी के भोजन की व्यवस्था दिल्ली के समाजसेवी गोपाल गर्ग ने की। बता दें कि बीते वर्ष 23 अप्रैल 2023 को डॉ. जौली की पहल पर 156 देशों व 7 महाद्वीपों के नदियों व समुद्रों के जल से राम मंदिर में अभिषेक किया गया था। इस अवसर पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख राम लाल, विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक दिनेश, उज्बेकिस्तान के व्यवसायी अशोक के. तिवारी (प्रवासी भारतीय सम्मान से सम्मानित), भूपेंद्र कंसल (महामंत्री हिमालय परिवार) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

12 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

'सत्ता की चाटुकारिता नहीं जनपक्षीय पत्रकारिता'

आमजन, गरीब-मजलूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर जुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

भारत सम्मान

इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते है।

इन पदों में होंगे नियुक्त...

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप No. 09303890212 पर भेजें।

नोट

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध
सम्पादक
भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क
094242 62547
09303890212

## संपादकीय

### न्यायिक गरिमा को अक्षुण्ण रखने का आह्वान

अब की बार पूर्व न्यायाधीशों ने 'न्यायपालिका को अनावश्यक दबाव से बचाने के लिए' देश के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को एक पत्र लिखा है। सुप्रीम कोर्ट के चार और हाई कोर्ट के 17 पूर्व न्यायाधीशों ने किसी का नामोल्लेख किए बिना आरोप लगाया है कि कुछ लोग यानी वकील 'अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों एवं व्यक्तिगत लाभों से प्रेरित होकर न्यायिक संस्था को कमजोर करने में लगे हैं'। जस्टिस चंद्रचूड़ से ऐसे तत्वों के झांसे में न आकर न्यायिक गरिमा को अक्षुण्ण रखने का आह्वान किया गया है। इसी तरह की भाषा-शैली में आज से तीन हफ्ते पहले सर्वोच्च एवं उच्च न्यायालयों के 600 अधिवक्ताओं, जिनमें हरीश साल्वे जैसे दिग्गज शामिल थे, ने जस्टिस चंद्रचूड़ को एक पत्र लिखा था। इसमें भी न्यायपालिका के सामने आ रही वैसी ही कठिनाइयों का जिक्र किया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसकी जड़ कांग्रेस की 'प्रतिबद्ध न्यायपालिका बनाने की मानसिकता' में बताया था तो उजागर हुआ था कि पत्र का ताल्लुक कांग्रेसी विचारधारा के अधिवक्ताओं से है, जो पीठ या न्यायाधीशों पर मनमाफिक फैसले के लिए 'अनुचित दबाव और प्रभाव' डालते हैं। पत्र पर दस्तखत करने वाले जस्टिस ढींगरा ने एक इंटरव्यू में कपिल सिब्बल का नाम लेते हुए कहा है कि वे मामले में 'पैरवी के दौरान केस की मेरिट पर दलीलें न देकर कहने लगते हैं कि अगर इसे छोड़ा नहीं गया तो बवाल हो जाएगा' आदि। इसी समूह में प्रशांत भूषण और अभिषेक मनु सिंघवी के भी नाम हैं। और भी नाम हो सकते हैं। ये लोग पहले इजलास के अंदर और इसके बाहर इंटरव्यू एवं लेखों के जरिए उन फैसले को सरकार के दबाव में दिया बता कर उनकी अतार्किक आलोचनाएं करते हैं, जो उनके विरोध में आए होते हैं। इससे न्यायपालिका पर खामखवाह दबाव बनता है। एक बार जस्टिस चेलमेर ने भी 'इन करोड़ी समूह के अधिवक्ताओं से दिक्कत' बताई थी। न्यायिक क्षेत्र-निचली से लेकर सर्वोच्च अदालत तक-में हाल के दशकों में यह एक फेनोमिना के रूप में विकसित हुआ है। इसमें मनचाही खंडपीठ के लिए तो पीठ बदलने के लिए जोर-जबर्दस्ती की जाती है। इस समस्या का समूचा हिस्सा न्यायालीय ही नहीं है। राजनीतिक विचारधारा और सबसे अधिक उसकी सत्ता भी है। दबावकारी प्रवृत्ति बढ़ी है तो इसकी वजह कुछेक न्यायाधीशों में सत्ता के नजदीक जाने की कमजोरी भी है। यह दबाव से काम करा ले जाने का साहस पैदा करता है।

# रामलला के सम्मान में बजरंगी उतरे मैदान में, नगर निगम के खिलाफ की नारेबाजी

**रायगढ़।** विगत 17 अप्रैल को रामनवमी के पर्व पर शहर की रौनक देखने लायक थी एवम शोभायात्रा भी पूरी भव्यता एवम दिव्यता के साथ निकाली गई थी जिसमे सभी हिंदू समाज के लोगों ने अपनी सहभागिता दी और सहयोग भी किया था परंतु अगले दिन स्थानीय नगरीय प्रशासन के कर्मचारियों के द्वारा प्रभु श्री राम की जगह जगह पर लगी हुई तस्वीरों को निकाला गया एवम उसे निगम की कचरा गाड़ी में लेकर अन्यत्र स्थानांतरित किया गया था जिसका वीडियो एवम फोटो मीडिया में वायरल हो गया था जिससे स्थानीय नागरिकों में काफी रोष व्याप्त हो गया था। इसी मुद्दे पर जिला प्रशासन को अपना विरोध दर्ज कराया गया जहां बजरंगदल के जिला प्रमुख अमितेश गर्ग के नेतृत्व में अनेक बजरंगियों ने आज निगम परिसर का घेराव करने करते हुए प्रशासन के इस कृत्य पर शहर वासियों से माफी मांगने को लेकर प्रदर्शन किया तथा निगम के मुख्य द्वार पर हनुमान चालीसा पठन किया गया। बजरंग दल के अध्यक्ष अमितेश




गर्ग ने बताया कि निगम के द्वारा पूर्व में भी गणेश चतुर्थी पर इस प्रकार के कृत्य किए थे जिसका विरोध हुआ था परंतु अपने रवैए में कोई परिवर्तन नहीं करके निगम ने पुनः वही गलती की है एवम हिंदू आस्था को ठेस पहुंचाई है। हिंदुओं के आराध्य श्री राम का अपमान सहन नही किया जायेगा इस कृत्य पर आयुक्त को विभाग प्रमुख होने के कारण सार्वजनिक माफी मांगते हुए भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न करने हेतु वायदा करने की मांग की गई है,जिस पर निगम उपायुक्त ने इस विषय पर आवेदन स्वीकार करते हुए इस पर उचित परीक्षण करवाकर लिखित सूचना जल्द देने का आश्वासन दिया और साथ ही इस पर माफी मांगते हुए खेद जताया है। अमितेश ने ये भी बताया कि बजरंग दल का उद्देश्य सिर्फ प्रशासनिक कार्यों में विरोध ही करने का नही अपितु एक आईने की तरह सभी कार्यों के सही गलत परिशिष्ट को दिखाना है जिससे कि भविष्य में हिंदू आस्था को ठेस न पहुंचे साथ ही हमारा दल हमेशा से ही सभी जरूरी प्रयासों में शासन के सहयोग के लिए भी अग्रणी रहता है एवम रहेगा आपसी सामाजिक सहयोग एवं तालमेल से सभी जरूरी जन कल्याणकारी कार्यों में बजरंग दल के सभी बजरंगी हमेशा एक आवाज पर तैयार हैं जैसा कि पिछले दिनों निगम के ही स्वच्छता अभियान के अंतर्गत हमारे कार्यकर्ता कई स्कूलों में जाकर जागरूकता अभियान में सहयोग प्रदान किए है।इसी प्रकार आगामी दिनों में भी हम प्रशासन के साथ रहेंगे परंतु गलत कार्यों को भी सहन नही किया जायेगा उसका पुरजोर विरोध किया जायेगा।

## पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को नहीं मिली राहत, कोर्ट ने दो दिन की न्यायिक रिमांड पर भेजा जेल

**रायपुर।** आबकारी घोटाले मामले में गिरफ्तार रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा की एक दिन की न्यायिक रिमांड पूरी होने के बाद वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश किया गया. मामले में सुनवाई के दौरान डिस्ट्रिक जज ने टुटेजा को 2 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया है. अब पीएमएलए कोर्ट के स्पेशल जज के छुट्टी से वापस आने पर 24 अप्रैल को पेश कर रिमांड लेने के डिस्ट्रिक जज (डीजे) कोर्ट ने निर्देश दिए हैं।



### आईएएस सोनमणि बोरा को सरकार ने दी पोस्टिंग

**रायपुर।** राज्य सरकार ने आईएएस सोनमणि बोरा को पोस्टिंग दी है. उन्हें आदिम जाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है. इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है. आईएएस सोनमणि बोरा छत्तीसगढ़ कैडर के 1999 आईएएस अफसर हैं. वे मूलतः असम के रहने वाले है. सेंट्रल डेपुटेशन में जाने से पहले वे श्रम विभाग और राज भवन के सचिव थे।

## भीषण सड़क हादसाः सीजी के तीन लोगों की ओडिशा में हुई मौत, 5 घायल

### तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को मारी टक्कर

**धमतरी।** ओडिशा के रायघर में भीषण सड़क हादसा हो गया. यहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को अपनी चपेट में ले लिया. इसमें छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के तीन लोगों की मौत, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार, 8 ग्रामीण सभी धमतरी



निवासी एक ऑटो में सवार होकर दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे. इस दौरान ओडिशा के नबरंगपुर जिले के रायघर थाना इलाके के धदरापारा गांव के जोड़ेगा के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को अपनी चपेट में ले लिया. हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 गंभीर रूप से घायल हैं. वहीं इस घटना में ऑटो के परखच्चे उड़ गए हैं.

# केडार, केलो समेत प्रदेश के बड़े बांधों में जल भंडारण में गिरावट

## प्रदेश में घटने लगा पानी का स्तर, बड़े बांधों का जलस्तर पखवाड़ेभर में 10 फीसदी गिरा

### मार्च में ही मिल गया था जल संकट का संकेत

अगर हम मार्च से देखें तो आंकड़ा और चिंताजनक है. 26 मार्च के बाद अब तक इस स्थिति में ही अधिकतम 5-13 फीसदी तक का भंडारण कम हो गया है. ऐसे में जल संसाधन विभाग के सामने पेयजल स्टॉक सुरक्षित रखने के साथ अनुबंध मुताबिक उद्योग को जल आपूर्ति करने की भी बड़ी चुनौती है।

### आंकड़े बता रहा जल संकट

एक नज़र यदि हम आंकड़ों पर डालते हैं तो तांदुल, मिनीमाता बांगो और अरपा भैंसाझार सहित अन्य कई बांधों में जलस्तर में भारी गिरावट दिख रही है. अरप भैंसाझार में तो 18 फीसदी तक गिरावट आ गई है. इसी तरह मुरूम सिल्ली बांध में भी 16 फीसदी तक कमी आई है. इसके साथ ही अन्य भागों में 10-14त तक की कमी दर्ज की गई है।

### मानसून पर टिकी निगाहें

जल संसाधन विभाग के मुताबिक, सभी जरूरतों को पूर्ति करने के बाद निस्तारी के लिए लगभग 35 दिनों का ही पानी बचाने का संकेत दिया गया है. यदि इस बार मानसून समय पर नहीं आया और अच्छी बारिश नहीं होने की स्थिति में खरीफ फसल के लिए पानी का दबाव बढ़ेगा।

### किसान होंगे प्रभावित

छत्तीसगढ़ में गर्मी फसल में धान के साथ सब्जियों का हर साल लाखों एकड़ में फसल लिया जाता है. इसमें से ज्यादातर खेती बांध पर निर्भर होता है, लेकिन जिस तरह से बांध से पानी कम हो रहा है, इससे किसान भी प्रभावित होंगे, उन्हें पानी नहीं मिलने का संकेत दिख रहा है।



**सारंगढ़/रायपुर।** छत्तीसगढ़ में गर्मी बढ़ने से जल संकट गहराने लगी है. पीने के पानी की बात करें तो 15 दिन से पहले इसकी संकट शुरू हो गई है, लेकिन अब जलाशय भी सूखने लगे हैं, जो आगे जल संकट के रूप में खड़ा हो सकता है।

भीषण गर्मी के बढ़ते प्रकोप के साथ-साथ प्रदेश के बड़े बांधों में जल भंडारण में लगातार गिरावट ने चिंता बढ़ा दी है. बीते लगभग 22-25 दिनों में बड़े जलाशयों का जल भंडारण 2 से 10 फीसदी तक कम हो गया है। मुरुम सिल्ली में 42.90-26.49 हो गया है, जबकि 2023 में 20 अप्रैल को 71.08 था। सारंगढ़ जिले के केडार जलाशय में 26.06-21.42 हो गया है, जबकि 2023 में 20 अप्रैल को 25.79 था।

इस गिरावट को देखते हुए आगामी मई माह में संकट गहराने की आशंका और बढ़ गई है. बीते दो सालों की तुलना में इस बार बड़े बांधों में जल भंडारण सबसे कम स्तर पर आ गया है. जैसे-जैसे पारा बढ़ रहा है गर्मी का कहर दिखने लगा है, वैसे-वैसे बांधों का पानी कम हो रहा है।

### कौन से बांध में कितना घटा जल स्तर

| | |
|---|---|
| मिनीमाता बांगो में: 56.78-51.13 हो गया है, जबकि 2023 में 20 अप्रैल को 66.16 था. | सोंढूर जलाशय में -53.89 - 45.60 हो गया है, जबकि 2023 में 20 अप्रैल को 72.16 था. |
| रविशंकर सागर में- 36.78 से 32.50 हो गया है, जबकि 2023 में 20 अप्रैल को 53.67 था. | मुरुम सिल्ली में 42.90-26.49 हो गया है, जबकि 2023 में 20 अप्रैल को 71.08 था. |
| तांदुल जलाशय में - 39.57-29.65 हो गया है, जबकि 2023 में 20 अप्रैल को 55.84 था. | कोडार जलाशय में - 26.06-21.42 हो गया है, जबकि 2023 में 20 अप्रैल को 25.79 था. |
| दुधवा जलाशय में - 19.94-18.24 हो गया है, जबकि 2023 में 20 अप्रैल को 75.27 था. | मनियारी जलाशय में - 49.95-40.35 हो गया है, जबकि 2023 में 20 अप्रैल को 64.27 था. |
| सिकासार बांध में - 46.49-36.07 हो गया है, जबकि 2023 में 20 अप्रैल को 56.21 था. | केलो जलाशय में - 65.28-60.10 हो गया है, जबकि 2023 में 20 अप्रैल को 67.34 था. |
| खारंग जलाशय में - 64.59-58.50 हो गया है, जबकि 2023 में 20 अप्रैल को 87.81 था. | अरपा भैंसाझार में- 66.24-48.94 हो गया है, जबकि 2023 में 20 अप्रैल को 27.24 प्रतिशत था. |

RNI No. CHHHIN/2011/38292
भारत सम्मान NEWS



# बचे नक्सली सरेंडर हो जाओ वर्ना लड़ाई का परिणाम तय है: अमित शाह

## बीजेपी प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ली जनसभा, कांग्रेस पर तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार के आरोप

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ में बीजेपी ने इस बार प्रदेश की सभी 11 सीटों को जीतने का लक्ष्य रखा है. इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए बीजेपी के स्टार प्रचारक लगातार प्रदेश का दौरा कर चुनाव प्रचार कर रहे हैं. आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं. शाह कांकेर से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में चुनाव प्रचार करने पहुंचे । यहां नरहरदेव मैदान में अमित शाह ने जनसभा को संबोधित किया। इस विशाल जनसभा में अमित शाह के साथ सीएम विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव समेत भाजपा के आला दिग्गज नेता मौजूद थे।




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांकेर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया है कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने तो दो साल के भीतर नक्सलवाद छत्तीसगढ़ से समाप्त हो जाएगा।अमित शाह ने कांग्रेस के घोषणा पत्र में संपत्ति सर्वे का मुद्दा एक बार छेड़ा और इस संपत्ति सर्वे को मुस्लिमों से जोड़ा है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाए जाने का आह्वान करते हुए कहा - 'मोदी जी के पास दस साल का ट्रेक रिकॉर्ड और 25 साल का एजेंडा है।'

नक्सलवाद को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार पीएम बने तो दो साल में छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद समाप्त हो जाएगा। अमित शाह ने कहा- ' बचे नक्सली सरेंडर हो जाओ वर्ना लड़ाई का परिणाम तय है।' केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने सभा में मौजूद ग्रामीणों से कहा-'आप सब समझाइए, सरेंडर कर जाएँ, यदि ना मानें तो आप चिंता मत करना.. दो साल में नक्सलवाद को उखाड़ के फेंक देंगे।'

### आदिवासी दलित विकास की योजनाओं का किया ज़िक्र

अमित शाह ने कांकेर में नरेंद्र मोदी सरकार की दलित आदिवासी विकास योजनाओं का ज़िक्र करते हुए कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कांग्रेस ने इतने लंबे शासनकाल में कुछ नहीं किया।छत्तीसगढ़ को लेकर केंद्रीय मंत्री शाह ने वह आँकड़ों का वह पुराना दावा दोहराया जिसमें बीजेपी यह दावा करती है कि छत्तीसगढ़ को कांग्रेस ने अपने शासनकाल में 77 हजार करोड़ दिए लेकिन मोदी सरकार ने तीन लाख बीस हज़ार करोड़ दिए।

### कांग्रेस घोषणा पत्र पर सवाल

कांग्रेस घोषणा पत्र में संपत्ति सर्वे का ज़िक्र होने का दावा करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजस्थान के बाँसवाड़ा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस आरोप को दोहराया है। पीएम मोदी ने कहा था कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति सोना मुसलमानों में बाँटेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा -इस बात पर आपत्ति की जा रही है लेकिन क्या कांग्रेस के घोषणा पत्र में संपत्ति सर्वे का ज़िक्र नहीं है, और क्या कांग्रेस शासनकाल में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने यह नहीं कहा था कि,पहला अधिकार माईनोरिटी का है।

# सीएम विष्णुदेव साय का बड़ा बयान

## कहा- नक्सलियों के खात्मे के लिए पहले कांग्रेस का करना होगा खात्मा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ समेत देशभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को लेकर अभूतपूर्व उत्साह है. मैं लगातार छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीट का दौरा कर रहा हूं. शहर से लेकर दूरस्थ अंचल तक पीएम मोदी और उनकी अगुआई में चल रही डबल इंजन की सरकार को लोग अपना स्नेह और आशीर्वाद दे रहे हैं. ये कहना है प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जो एक साक्षात्कार में हुए प्रश्नों का जवाब दिए. सीएम साय ने कहा कि मतदाता इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट करके विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करना चाहते हैं. हमारे पास विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी का नेतृत्व है. केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाएं लोगों के जीवन स्तर में बदलाव लेकर आई हैं. हम छत्तीसगढ़ में सभी 11 लोकसभा सीट जीतकर भाजपा के अबकी बार 400 पार के नारे को सफल बनाएंगे।

भूपेश बघेल और कांग्रेस की ओर से सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हो रही मुठभेड़ को फर्जी कहने पर मुख्यंत्री साय ने इसे कांग्रेस का चरित्र बताया. उन्होंने कहा कि नक्सल समस्या को लेकर कांग्रेस का हमेशा दोहरा चरित्र रहा है और उन्हें लगता है कि नक्सल समस्या के खात्मे के लिए पहले कांग्रेस को खत्म करना होगा. वो बोले हमारे वीर जवानों ने 16 अप्रैल को कांकेर के छोटेबेठिया क्षेत्रांतर्गत बिनागुंडा



और कोरोनार के मध्य हापाटोला के जंगल में मुठभेड़ में 29 नक्सलियों को मार गिराया गया है. यह छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान को मिली अब तक की सबसे बड़ी ऐतिहासिक सफलताओं में एक है. हमारे जवानों के इस पराक्रम पर गर्व की जगह कांग्रेस एनकाउंटर पर सवाल उठा रही है. नक्सलियों को शहीद बताने वाली कांग्रेस के हाथ नक्सलवाद के खून में रंगे हैं. मोदी जी जब से प्रधानमंत्री बने हैं, नक्सलवाद में कमी आई है. राज्य के एक छोटे से हिस्से में सिमटे नक्सलवाद को हम जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### भाजपा में हर कार्यकर्ता संगठन का चेहरा

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा में हर कार्यकर्ता संगठन का चेहरा है. पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को विकसित भारत की ओर आगे ले जाने में जुटा है. हमने राज्य में तीन महीने से कम समय में मोदी द्वारा दी गई कई बड़ी गारंटियों को पूरा किया है. 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी का रिकॉर्ड बना है. हमने किसानों को 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान बिक्री की सौगात दी है. कांग्रेस हमेशा बोनस-बोनस का राग अलापती रही. मेरी सरकार ने धान के बकाया बोनस के साथ कृषि उन्नति योजना के अंतर्गत अंतर राशि भी प्रदान करने का काम किया है. प्रदेश में महतारी वंदन योजना के जरिए 12 हजार रुपए हर साल महिलाओं दिए जाने की शुरुआत हो चुकी है. मैंने तय किया था कि 18 लाख गरीब परिवारों को पीएम आवास का घर देने से जुड़ी फाइल पर दस्तखत के बाद ही सीएम हाउस में प्रवेश करूंगा. पहली कैबिनेट में ही इस प्रस्ताव को मंजूरी दी. भ्रष्टाचार को लेकर हम जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रहे हैं. पीएससी परीक्षा में धांधली कर युवाओं के सपनों का सौदा करने वालों के खिलाफ सीबीआई जांच की सिफारिश की गई है. महादेव एप घोटाला हो या कोयला घोटाला, भ्रष्टाचार कितना भी बड़ा क्यों न हो, उसके खिलाफ कार्रवाई होकर रहेगी. प्रदेश की जनता छत्तीसगढ़ की तरक्की को लेकर हमारी प्रतिबद्धता देख रही है. लोकसभा चुनाव में भी वादाखिलाफी, भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति करने वाली कांग्रेस को जनता सबक सिखाएगी.

# लोरमी में कांग्रेस पर बरसे बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा

## कहा- कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति चलाई

**लोरमी।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के स्टार प्रचारक लगातार प्रदेश का दौरा कर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इसी कड़ी में बिलासपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू के प्रचार में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा आज मुंगेली जिले के लोरमी पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और केंद्र की मोदी सरकार की तरीफ की. जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति चलाई और नरेंद्र मोदी ने विकास की सरकार चलाई है। लोरमी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, आज छत्तीसगढ़ की मां कौशिल्या की भूमि में मेरा आगमन हुआ है. जम्मू कश्मीर में दो विधान और दो झंडे थे, जबकि भारत में एक विधान एक झंडा होना चाहिए. पीएम मोदी ने सरकार में आने के बाद 6 अगस्त 2019 को धारा 370 को धरासाई किया. राम मंदिर बनाने का मजबूत फैसला लिया गया और भव्य राम मंदिर का निर्माण भी हो गया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए नड्डा ने कहा कि मुश्लिम देश ईरान, इराक और पाकिस्तान में तीन तलाक लागू नहीं था, जबकि भारत में लागू था. पीएम मोदी के नेतृत्व में तीन तलाक कानून को हटाया गया. कांग्रेस और बीजेपी की तुलना पर उन्होंने कहा, कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति चलाई और नरेंद्र मोदी ने विकास की सरकार चलाई है। बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि बिलासपुर में नल जल योजना के तहत ढाई लाख कनेक्शन दिया गया है. पीएम मोदी ने 12 करोड़ शौचालय बनवाकर महिलाओं को इज्जत से जीने का रास्ता दिया. उन्होंने कहा कि 70 साल तक के लोगों को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए तक की स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी. आवास योजना में तीन करोड़ घर बनेंगे. साथ ही अब घर सूर्य योजना के तहत सौर ऊर्जा से घर में रौशनी होगी। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, सुबह से बारिश हो रही है, लेकिन कार्यकर्ताओ में जोरदार उत्साह है. इस बार भी विधानसभा चुनाव की तरह ही लोगों से आशीर्वाद देने की अपील की। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू ने कहा कि मैं लोरमी का सेवक और बेटा हूं. 7 मई को एकतरफा मतदान होना चाहिए. इस बार भी आप सबके चरणों में बैठकर काम करूंगा।



# तेज रफ्तार मिक्सर मशीन ने बाइक सवार को रौंदा, युवक की मौके पर मौत, भीड़ ने आरोपी चालक की कर दी पिटाई

**बिलासपुर।** बिलासपुर के सिरगिट्टी थाना अंतर्गत क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. एक तेज रफ्तार मिक्सर मशीन ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया. हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई. हादसा इतना भयावह था कि युवक के सिर के चीथड़े उड़ गए. वहीं घटना के बाद लोगों ने मिक्सर मशीन चालक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी।



जानकारी के मुताबिक, मृतक युवक समीर सूर्या तिफरा के सूर्यवंशी मोहल्ले का रहने वाला था. वह मेडिकल एजेंसी में काम करता था. आज घर से अपनी गाड़ी लेकर वह सिरगिट्टी की ओर निकला था. इस दौरान इंडस्ट्रियल क्षेत्र में तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते हुए मिक्सर मशीन चालक ने युवक को रौंदा दिया. मामले में पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

# अब जेईई मेंस सेशन 2 के रिजल्ट का इंतजार: एमटेक की परीक्षा के लिए आवेदन फार्म 10 जून से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के ट्विनसिटी के अभ्यर्थी बड़ी संख्या में जेईई मेंस सेशन -2 के एग्जाम में शामिल हुए थे. अब अभ्यर्थियों को इसके रिजल्ट का इंतजार है. एग्जाम का आयोजन 4 से 12 अप्रैल तक अनेक सेंटरों में किया गया था।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से फाइनल आंसर की 25 अप्रैल तक जारी किया जा सकता है. वहीं जेईई मेंस के रिजल्ट के साथ एनटीए जेईई मेंस का स्कोर कार्ड, मेरिट लिस्ट, टॉपर लिस्ट के साथ ही ऑल इंडिया रैंक भी जारी करेगा. एनटीए ने जेईई मेंस 2024 का एग्जाम दो चरणों सेशन 1 और सेशन 2 में आयोजित किया था. पहले सत्र के लिए जेईई मेंस की परीक्षा जनवरी तथा सत्र 2 की परीक्षा अप्रैल में




आयोजित की गई. जो स्टूडेंट्स दोनों सत्रों की परीक्षा में शामिल हुए हैं, फाइनल मेंस के मेरिट लिस्ट तैयार करते समय उनका बेस्ट स्कोर को शामिल किया जाएगा. वहीं एनटीए ने जेईई मेंस सेशन 2 का प्रोविजनल आंसर की 12 अप्रैल को जारी किया था. प्रोविजनल आंसर की को लेकर अभ्यर्थियों से दावा-आपत्ति भी मंगाए गए थे. दावा-आपत्ति के निराकरण के साथ ही अब फाइनल आंसर की जारी किया जाएगा।

### एमटेक की परीक्षा के लिए आवेदन फार्म 10 जून से भरे जाएंगे

तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई जनवरी जून 2024 के एम फार्मेसी सेकंड सेमेस्टर की परीक्षा 20 जुलाई से 2 अगस्त के बीच लेगा. जबकि फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा 22 जुलाई से 5 अगस्त के मध्य आयोजित की जाएगी. वहीं प्रैक्टिकल एग्जाम (सेकंड सेमेस्टर) 13 जुलाई से 17 जुलाई तथा फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा 15 से 19 जुलाई के मध्य होगा. एग्जाम से पहले ही छात्र छात्राओं को ऑनलाइन एग्जाम फार्म 10 जून से 26 जून तक भर सकेंगे. 14 जून तक बिना विलंब शुल्क के साथ एग्जाम फार्म भरे जाएंगे, जबकि 18 जून तक 30 रुपए तथा 22 जून तक 120 रुपए विलंब शुल्क देना होगा. वहीं 26 जून तक एग्जाम फार्म भरने पर 200 रुपए शुल्क देना होगा. छात्र छात्राओं द्वारा भरे गए एग्जाम फार्म को एप्रूवल संस्था द्वारा 27 जून तक किया जाएगा।

# कोर्ट को फैसला सुनाते समय डीएनए परीक्षण की सार्थकता और शुद्धता को पहचानना जरूरी

## छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट का महत्वपूर्ण निर्णय जो बना न्याय दृष्टांत, पाक्सो कोर्ट के फैसले को ठहराया सही

**बिलासपुर।** दुष्कर्म के एक मामले में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के डिवीजन बेंच ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट को फैसला सुनाते समय डीएनए परीक्षण की सार्थकता के साथ ही उसकी शुद्धता की पहचान करना जरूरी है। इस मामले में कोर्ट ने डीएनए टेस्ट व एफएसएल रिपोर्ट को सही करार देते हुए आरोपित द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया है।



मामला दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा का है। दुष्कर्म के बाद पीड़िता ने बच्चे को जन्म दिया है। पिता अपनी सौतेली नाबालिग बेटी के साथ लगातार दुष्कर्म करते रहा। इस बीच उसने झूठी रिपोर्ट भी लिखा दी। पुलिस ने इस आधार पर निर्दोष के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। किशोर न्याय बोर्ड में पीड़िता ने सौतेला पिता को ही दुष्कर्म का आरोपित बताया। दुष्कर्म के आरोपित सौतेला पिता, पीड़िता और बच्चे का डीएनए व एफएसएल जांच कराई गई। जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि पीड़िता का सौतेला पिता ही दुष्कर्म से जन्मे बच्चे का जैविक पिता है। हाई कोर्ट के डिवीजन बेंच ने पाक्सो कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए दुष्कर्म के आरोपित सौतेले पिता की याचिका खारिज कर दी है। पाक्सो कोर्ट ने आरोपित को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अपने फैसले में महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। कोर्ट ने यह भी कहा कि किसी अपराध में आरोपित की संलिप्तता की जांच के लिए डीएनए रिपोर्ट और एफएसएल रिपोर्ट महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। न्यायालय को अपराधों पर निर्णय देते समय डीएनए परीक्षण की निर्णायकता और शुद्धता को अवश्य पहचानना चाहिए।

अगस्त 2019 से अक्टूबर 2019 के बीच 17 जनवरी 2020 को याचिकाकर्ता जो पीड़िता का सौतेला पिता है, उसके साथ लगातार दुष्कर्म करता रहा। इससे वह गर्भवती हो गई। इस कृत्य को छुपाने के लिए आरोपित ने थाने में एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ झूठी पुलिस शिकायत दर्ज करा दी। शिकायत पर, पुलिस ने उस व्यक्ति के खिलाफ धारा 376 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली। किशोर न्याय बोर्ड में काउंसलिंग के दौरान पीड़िता ने बताया कि अपीलकर्ता सौतेला पिता ही उसके साथ दुष्कर्म करता रहा है। पीड़िता की गवाही के बाद आरोपित के खिलाफ भादवि की धारा 376(3), 201 और पाक्सो अधिनियम की धारा छह के तहत मामला दर्ज किया गया।

### डिवीजन बेंच की महत्वपूर्ण टिप्पणी

डिवीजन बेंच ने अपने फैसले में कहा है कि डीएनए टेस्ट रिपोर्ट इस तथ्य की पुष्टि करती है कि आरोपित ने स्वयं अपनी सौतेली बेटी के साथ अगस्त 2019 से अक्टूबर 2019 तक लगातार शारीरिक संबंध स्थापित किए। इसके चलते पीड़िता गर्भवती हो गई थी और आरोपित ने खुद को कानूनी सजा से बचाने के इरादे से पुलिस थाने में एक निर्दोष व्यक्ति के खिलाफ झूठी रिपोर्ट करा दी थी। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट द्वारा दी गई दोषसिद्धि और सजा को बरकरार रखते हुए याचिका को खारिज कर दिया है।

# 7 वर्षों से कन्या दान को उत्सव के रूप में मना रहा समूह

## इस साल 13 बेटियों का कन्यादान, अब तक 63 बेटियों का कर चुके कन्यादान

**रायपुर।** जनसेवा संस्कार उत्सव समिति एवं नारी विकास समूह के तत्वावधान में लगातार विगत सात वर्षों से बेटियों की कन्यादान संस्कार उत्सव का कार्यक्रम रखा जाता है जिसमें अब तक 63 बेटियों का कन्यादान किया जा चुका है। इस वर्ष भी 13 बेटियों का कन्यादान 19 अप्रेल को सम्पन्न हुआ, इस कार्यक्रम में बेटियों को आशीर्वाद देने के लिए विधायक मोतीलाल साहू, सुभाष तिवारी व बिरगांव नगर निगम के महापौर नंदलाल देवांगन, बिरगांव नगर निगम के पार्षद गण शामिल होकर बेटियों को आशीर्वाद दिए, समिति के द्वारा ऐसी बेटियों का विवाह करने के लिए चयन किया जाता है जिनके माता पिता नहीं हैं या उनका परिवार शादी करा पाने में सक्षम नहीं हैं ऐसी बेटियों का विवाह किया गया। इस भव्य और नेक कार्य करने का बीड़ा उठाया जन सेवा संस्कार उत्सव समिति एवं नारी विकास समुह के अध्यक्ष श्रीमती पदमा विनोद चंद्राकर ( पूर्व सदस्य महिला आयोग छत्तीसगढ़ शासन) एवं उनकी समिति के सदस्यों ने, सभी के अथक प्रयास से यह शुभ कार्य का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम को सफल बनाने दैवतुल्य सभी सहयोगी सदस्य गण का विशेष योगदान रहा है



जिसके कारण यह कन्यादान संस्कार समारोह का का आयोजन बहुत ही सुंदर तरीके से और हिंदू रीति रिवाज से गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए भारी भीड़ की मात्रा में विवाह स्थल तक पहुंचे और जहां समिति के बहनों के द्वारा सभी बारातियों का अद्भुत स्वागत किया गया। विवाह हिंदू रीति रिवाज से संपन्न हुआ। पदमा विनोद चंद्राकर ने सभी देवतुल्य सभी सहयोगियों का हृदय कोटि कोटि धन्यवाद दिया और कहा कि इन बेटियों का घर बसाने आप सभी का विशेष योगदान रहा हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने अपना अमूल्य समय देने वाले मेरे सभी सहयोगी गण राकेश साहू, तरूण वर्मा शुभम् अग्रवाल, भूवन वर्मा, महेश्वरी, अमित, अजय अग्रवाल, सत्यभांवा आडिल, पूनम कक्कड़ व सदस्य गण रेखा साहू, माया पाठक, ईश्वरी परगनिहा, दुलारी चंद्राकर, तिरिथ साहू, भूवनेश्वरी चन्द्राकर संतोषी वर्मा, उर्मिला लहरी हेमलता वर्मा, सुमित्रा सारथी , तुलसी पटले, राकेश राजगढ़िया, मुकेश पटले,किशन विश्वकर्मा, कृष्णा साहु,जुगल वर्मा जय देवांगन, मोन्टू निर्मलकर टीकाराम साहू, मालिक राम साहू मोनू एवं समस्त सहयोगी व सदस्य गण को मैं धन्यवाद देती हूँ । इस दौरान जनसेवा संस्कार उत्सव समिति एवं नारी विकास समूह के द्वारा प्रत्येक जोड़े को गृहस्थ जीवन से जुडी सामग्रियां भी प्रदान की गई।

# कांग्रेस नेता पर भाजपा ने लगाया आरोप, कहा- खाई 5 लाख की बिरयानी

**राजनांदगांव।** कांग्रेस नेता और पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष नवाज खान पर फर्जी नियुक्तियों और बैंक के पैसे की फिजूलीखर्ची का आरोप भाजपा नेता और वर्तमान जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल ने लगाया है. सचिन बघेल ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि पूर्व अध्यक्ष ने 5 लाख रुपए बिरयानी और पांच लाख रुपए मिठाई में फिजूल खर्च किए. उन्होंने कहा कि सबसे पहले पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष ने अपने शपथ ग्रहण समारोह में तीन लाख रुपए खर्च कर दिए जबकि बैंक अध्यक्ष नियुक्ति के बाद शपथ ग्रहण कार्यक्रम का कोई प्रावधान नहीं है. इसी तरह किसान सम्मेलन के नाम से 15 लाख रुपए, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के सम्मेलन में 15 लाख रुपए, इस प्रकार कुल लगभग 75 लाख रुपए नियमों को दरकिनार कर खर्च कर दिए. नवाज खान ने जिला सहकारी बैंक को अपने कार्यकाल में करोड़ों रुपए खर्च कर बैंक पर अतिरिक्त बोझ डाला. सचिन बघेल ने इसके प्रमाणित दस्तावेज प्रेस कांफ्रेंस में प्रस्तुत किए। बता दें कि बीते कई दिनों से मामले की जांच चल रही है लेकिन अभी तक जांच पूरी नहीं हो पाई है।



बता दें कि पूर्व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान की डोंगरगढ़ पुलिस तलाश कर रही है. इस पर पुलिस का कहना है कि छिपा सोसायटी के सहायक प्रबंधक गोवर्धन वर्मा (45 वर्ष) ने बीते 24 मार्च को आत्महत्या कर ली थी. मामले में मर्ग कायम कर पुलिस जांच कर रही है. जांच में पुलिस ने लगभग 28 लाख रुपए की आर्थिक गड़बड़ी पाई. साथ ही कुछ किसानों को अनियमित लोन भी दिया गया है. इसको लेकर डोंगरगढ़ पुलिस ने तत्कालीन सेवा सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज खान को नोटिस जारी किया था. इस पर नवाज खान ने कहा कि सुबह 11 बजे आ रहा हूं. लेकिन उसके बाद से नवाज खान का मोबाइल बंद आ रहा है और वो कहीं फरार है. नवाज खान को कथन के लिए थाने बुलाया जा रहा था लेकिन वह थाने नहीं पहुंचे. फिलहाल पुलिस नवाज खान की तलाश कर रही है।

# किसान की धान बिक्री की राशि निकालने के एवज में सहकारी बैंक का मैनेजर एवं कैशियर रिश्वत लेते गिरफ्तार

**कोरबा** ।भ्रष्टाचार के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए एन्टी करप्शन ब्यूरो, बिलासपुर द्वारा सोमवार को अमित दुबे, ब्रांच मैनेजर एवं आशुतोष तिवारी, कैशियर, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या0 शाखा पाली, जिला ङ्क कोरबा को 5000 रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया।



आशुतोष तिवारी (कैशियर )



अमित दुबे, (ब्रांच मैनेजर)

प्रार्थी रामनोहर यादव जो कि ग्राम धंवरा डोंगरी बतरा, जिला कोरबा का निवासी है । जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या0 शाखा पाली, जिला ङ्क कोरबा में उसके द्वारा बेचे गये धान का भुगतान, जो लगभग 5 लाख रू0 था, जिसके आहरण के लिये 7500 रू0 रिश्वत की मांग आरोपीगण अमित दुबे, ब्रांच मैनेजर एवं आशुतोष तिवारी, कैशियर द्वारा की गई थी । प्रार्थी द्वारा इसकी शिकायत एन्टी करप्शन ब्यूरो, बिलासपुर में की गई। शिकायत सत्यापन पश्चात् आज दिनांक 24.04.2024 को योजनाबद्ध तरीके से ट्रेप आयोजित किया गया । प्रार्थी।आरोपीगण को रिश्वत देने के लिये बैंक कार्यालय गया जहां आरोपीगण द्वारा सावधानी बरतते हुए, रिश्वती रकम न लेते हुए, 5 लाख रू0 आहरण राशि से रिश्वती रकम 5000 रू0 काटकर प्रार्थी को शेष राशि दी गई, जिस पर एसीबी की टीम द्वारा कार्यवाही कर कैशियर से रिश्वत की राशि बरामद की गई । घटना में दोनों आरोपियों की संलिप्तता पाए जाने से दोनों ही।आरोपियों के विरूद्ध धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 ( यथासंशोधित अधिनियम 2018 ) के तहत गिरफ्तार किया गया है । एन्टी करप्शन ब्यूरो, छत्तीसगढ़ के सभी नागरिकों से अपील करती हैं कि रिश्वत / भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतें हमारे ई-मेल, टोल-फ्री नंबर ( 1064 ) अथवा स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर कर सकते हैं ।

अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212



स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547